पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने ईद की बधाई दी

लखनऊः 06 जुलाई, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने ईद-उल-फितर के शुभ अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों, विशेषकर मुस्लिम भाई-बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

राज्यपाल ने अपने बधाई सन्देश में सभी लोगों की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए कहा है कि ईद का पर्व गरीबों तथा जरूरतमंदों की सहायता के लिये तत्पर रहने की नई शुरूआत की प्रेरणा देता है। साथ ही साथ सभी धर्मों के लोगों को आपसी भाईचारे, एकता एवं मोहब्बत से मिलजुल कर रहने का भी पैगाम देता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ईद का पर्व देश एवं प्रदेश में भाईचारा, सहयोग और शांति को मजबूती प्रदान करेगा।

अंजुम/ललित/राजभवन (235/05)